दिनांक 29.05.2023 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

बारिश पूर्व नाला सफाई हो रहा है तीव्र गति से , जल प्रवाह होगा सुगम, बारिश में जलभराव की समस्या से मिलेगी निजात

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत नालों की सफाई कराई जा रही है ताकि बारिश होने पर जल का प्रवाह तीव्र गति से बना रहे एवं जलजमाव व जलभराव की स्थिति न बने। कई बड़े नालों की सफाई हो चुकी है और कुछ नालों की सफाई की जा रही है। महापौर नीरज पाल एवं निगमायुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर छोटे, बड़े सभी प्रकार के नालों की सफाई निगम क्षेत्र में हो रही है। बड़े नाले की सफाई के लिए चैन माउंटेन तथा जेसीबी का उपयोग किया जा रहा है, तो वही छोटे नालों की सफाई स्वच्छता कर्मचारी नाली से सभी प्रकार के कचड़े व मलबे को निकाल रहे हैं। सर्वप्रथम नेहरूनगर के कोसानाला के सामने से गुजरने वाले नाले की सफाई से शुरुआत की गई थी, इसके बाद वैशाली नगर क्षेत्र के बड़े नालों की सफाई की जा रही है, इस क्षेत्र में छोटे-बड़े बहुत से नाले हैं, इसमें से अधिकतर नालों की सफाई की जा चुकी है , शेष नालों की सफाई भी अति शीघ्र हो जाएगी। ऐसे क्षेत्र जहां पर जलजमाव की स्थिति बन सकती है उन इलाकों के छोटे नालियों को व्यवस्थित करने का कार्य किया जा रहा है। जहां आवश्यकता पड़ रही है वहां पर चैन माउंटेन एवं जेसीबी के जरिये बड़े नाला के किनारे पटे हुए मलबे को निकालकर साफ किया जा रहा है, सकरी नालों की अच्छी से सफाई की जा रही है, जिससे बारिश के समय में पानी बिना कोई अवरोध के प्रवाहित हो सकेगा और जलभराव की स्थिति निर्मित नहीं होगी। नाला की सफाई के दौरान मलबा निकालने का कार्य किया जा रहा है। नाला में कंटीली झाड़ियों व मलबे की सफाई की जा रही है। इसी प्रकार जोन में छोटे, बड़े नालियों की सफाई का कार्य जारी है, जहां निगम के स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी कंटीली झाड़ियां, झिल्ली, पन्नी व अन्य कचरे को निकाल कर सफाई कर रहे है। नालों की सफाई के लिए निगम युद्ध स्तर पर काम कर रहा है। प्रतिदिन अलग-अलग क्षेत्रों में नालों की सफाई किया जा रहा है। छोटे नालों के अलावा बड़े नालों का वृहद सफाई हो रहा है।